

**एक नजर**

**मिशन शक्ति अंतर्गत साइबर सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम**

**नर्मदापुरम** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन नर्मदापुरम ने शुक्रवार 12 दिसम्बर को शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए साइबर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग, श्रीमती कामिनी जैन प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय, श्री ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम, श्री प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम ग्रामीण श्रीमती प्रीति यादव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी, श्रीमती हर्ष चवाने प्राध्यापक गृह विज्ञान महाविद्यालय, पुलिस विभाग से निरीक्षक श्री रामजू ऊइके, श्री आशु पटेल बाल संरक्षण अधिकारी,श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी प्रशासक वन स्टॉप सेंटर एवं महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अहान फाउंडेशन, मुंबई की सुश्री शिल्पा चांदोलकर, जो रिस्पांसिबल नेटिज्म की ट्रस्टी एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं, ने प्रशिक्षण सत्र दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के उपयोग एवं दुरुपयोग, साइबर अपराधों के प्रकार, पहचान व रोकथाम, ऑनलाइन जोखिम, रिपोर्टिंग प्रक्रिया और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में विस्तृत पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही साइबर सुरक्षा में समुदाय की भूमिका और साइबर सखी की जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया। संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने बालिकाओं को प्रशिक्षण की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य कामिनी जैन ने अहान फाउंडेशन और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की।

# चार अवैध क्लीनिक सील

## स्वास्थ्य विभाग के दल ने झोलाछाप डाक्टरों पर की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 12 दिसम्बर 2025** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वास्थ्य विभाग के दल ने शुक्रवार को नियमानुसार पंजीयन न होने एवं अपात्र व्यक्तियों द्वारा एलोपैथी की औषधियों का उपयोग करने तथा अन्य चिकित्सा पद्धतियों के उपयोग करने पर जिले की चार गैर मान्यताधारी क्लीनिक को सील करने की कार्यवाही की है।



इस दौरान जानिब खान के द्वारा जहान मेडिकोज खेडीपुरा के अंदर छोटे से रूम में मरीजों को इंजेक्शन बॉटल लगाई गई, जिनके खाली रैपर टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान जप्त किये गये। जानिब खान से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये। जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा जानिब खान की क्लीनिक को सील किया गया। टीम के द्वारा ग्राम छिदगांव मेल में टी.के. बिस्वास के क्लीनिक का निरीक्षण के दौरान क्लीनिक मे छगनलाल पिता कृष्णा ग्राम बघवाड को सीने में दर्द होने पर बॉटल चढ़ाई गई थी। टीम द्वारा पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये एवं क्लीनिक छोड़कर भाग गये। ग्रामीणों के समक्ष क्लीनिक को सील किया गया। इसी प्रकार एन.सी मंडल दवाखाना छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नही कराये गये, जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा एन.सी.मंडल के क्लीनिक को सील किया गया। दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल के निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर के पीछे संबंधित द्वारा बाटल इंजेक्शन लगाई जाने की पुष्टी हुई। संबंधित से पंजीयन के दस्तावेज मांगे जाने पर वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये गये, जिस पर कार्यवाही करते हुए टीम के द्वारा दिव्यांश मेडिकल स्टोर छिदगांवमेल को सील किया गया। टीम द्वारा सभी को वैध दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिये कहा गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि जिले में इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में गैर मान्यताधारी बिना पंजीयन के चिकित्सा व्यवसाय करने वालों पर कार्यवाही करने के लिये टीम का गठन कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।



# स्टेशन के सामने हमेशा रहता है ट्राफिक जाम

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी. 12 दिसम्बर** नगर में रेलवे स्टेशन के सामन जब से हनुमान मंदिर का विस्थापन किया गया है तभी से शहर के ट्राफिक को कुछ राहत महसूस हुई थी, पुराने रेलवे फुट ओव्हर ब्रिज को बंद कर नया फुट ओव्हर ब्रिज को पूर्ण रूप से शुरू किया गया है तभी से जीआरपी थाने के सामने दोनो तरफ मोटर सायकल की अवैध पार्किंग बनी हुई है. और लोगों को घंटों ट्राफिक जाम मिलता है.

**जनप्रतिनिधि बने मूक दर्शक**

सांसद और विधायक के अलावा उनके प्रतिनिधि रेलवे स्टेशन पर अपने आपको अधिकारियों के सामने दिखावा करने में पीछे नहीं रहते. जनता की क्या समस्या है. इस ओर भी ध्यान नहीं दे रहे. सांसद दर्शन सिंह ने पिछले 20 दिन पूर्व बताया गया था कि मैं इटारसी स्टेशन आकर पहले समस्या देखूंगा फिर आपको कुछ बता पाउंगा. श्री चौधरी 20 दिन में 4 बार इटारसी से आकर चले गये लेकिन उन्होंने इटारसी स्टेशन की समस्या का समाधान करने की बात तो दूर स्टेशन की तरफ देखना भी उचित नहीं समझा.

**रेलवे अधिकारी भी यात्रियों की सुविधा के लिये नहीं दे रहे ध्यान**

**इटारसी.** पिछले 16 महीने से पदस्थ स्टेशन अधीक्षक ने अपने कार्यकाल में केबिन से बाहर निकलने में उन्हें शर्म आती है . बताया जाता है कि स्टेशन और प्लेटफार्म पर गंदगी का अंबार, आवारा मवेशी के अलावा बंदरों, कुत्तों तथा सुअरों का आंतक स्टेशन के प्लेटफार्मों पर बना हुआ है . कई यात्रियों को बंदर और कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया है लेकिन स्टेशन प्रबंधन की ओर से आज तक कोई कारगर कार्यवाही नहीं की . एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि आवारा मवेशी यदि स्टेशन परिसर या रेलवे ट्रेक पर रहते हैं तो कभी भी बडी घटना घट सकती है इस ओर रेलवे प्रशासन को सजग रहना चाहिए .

## केंद्रीय मंत्री आज शहर में

**हरदा** अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके आज 13 दिसम्बर को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रात: 10:30 बजे से स्वामी विवेकानन्द कॉलेज हरदा में ''वन नेशन वन इलेक्शन'' कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# कृषि उपज मंडी में बड़ा घोटाला उजागर

**नवभारत न्यूज**

**सिराली** कृषि उपज मंडी समिति सिराली में निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल और प्याऊ कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार, इंजीनियर और मंडी के जिम्मेदारों की मनमानी व सांठगांठ इस कदर बढ़ गई है कि लाखों रुपये की सरकारी राशि की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि गड़बाड़ी उजागर होने के बाद भी किसी पर कार्रवाई नहीं की गई, जिससे जिम्मेदारों की मिलीभगत और स्पष्ट नजर आती है। जानकारी के अनुसार, मंडी परिसर में प्याऊ निर्माण के दौरान



चौरस नींव में काली मिट्टी भरकर काम किया जा रहा था। तकनीकी मानकों के अनुसार किसी भी पिलर या निर्माण के लिए काली मिट्टी का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे निर्माण की मजबूती कमजोर होती है। इसके बावजूद लाखों रुपए की लागत वाले निर्माण में ऐसी गंभीर लापरवाही को खुली छूट दी गई। मीडिया की पड़ताल में यह गड़बड़ी सामने आने पर ठेकेदार ने तत्काल काली मिट्टी निकलवा दी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने इस लापरवाही को होने कैसे दिया?

# कलेक्टर ने लाभान्वित इकाइयों एवं कृषि कार्यों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/12,दिसम्बर,2025** / कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने जिले में उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित पीएमएफएमई योजना से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा स्थापित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर हितधारकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने योजना से मिले लाभ, उत्पादन क्षमता, व्यवसाय विस्तार, विपणन प्रणाली तथा रोजगार सृजन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने नर्मदापुरम स्थित अमृत श्री मसाला यूनिट की संचालक श्रीमती आरती खंडेलवाल एवं विकसित एएलपी महिला




स्वसहायता समूह से यूनिट संचालन की प्रक्रिया, योजना से प्राप्त अनुदान, उत्पाद निर्माण और विक्रय व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने उपसंचालक उद्यानिकी को निर्देशित किया कि मसाला एवं आटा उत्पादन इकाई के उत्पादों के प्रभावी विक्रय के लिए ठोस प्रयास किए जाएं, जिससे लाभान्वित हितग्राहियों की आय में और वृद्धि हो सके। इसके पश्चात कलेक्टर ने विकासखंड माखननगर के ग्राम समौन में सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों से सिंघाड़ा एवं मखाना उत्पादन की तकनीकों, खेती की विधि तथा प्राप्त लाभों पर चर्चा की। इस दौरान कृषक श्री अरविंद दुबे ने बताया कि उन्होंने दरभंगा स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त किया है तथा अब मखाने के बीज भी स्वयं तैयार कर रहे हैं। शासन की सहायता एवं विभागीय मार्गदर्शन से यह खेती और अधिक लाभदायक सिद्ध हो रही है। कलेक्टर ने उपसंचालक को निर्देश दिए कि मखाना प्रसंस्करण एवं विपणन की संभावनाओं को तलाशा जाए.

# वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत आज

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/12,दिसम्बर,2025** / राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा निर्देशों के पालन में जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनी मालया में दिनांक 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया है, जो न्यायालय में लंबित लगभग 561 मामलों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जायेगा। साथ ही ऐसे मामलें जो न्यायालय में पेश नहीं हुये है, प्रीलिटिगेशन के रूप में रखे जायेंगें जिनमें विद्युत बिल बकाया से सबंधित 4787 मामले, बैंक ऋण बकाया से संबंधित 4931 मामले, टेलीफोन बिल बकाया से संबंधित 209, जलकर एवं संपत्तिकर, दुकान किराया, से संबंधित 210 मामलों का निराकरण किया जायेगा। अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सेशन न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जा सकते हो, से अपील की गई है कि वे दिनांक 13 दिंसबर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में उपस्थित होकर इस अवसर का अवश्य लाभ उठायें। श्री विजय कुमार पाठक, न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा।

## एएसडीडी मतदाताओं की जानकारी ले रहे अधिकारी

**पिपरिया** एसआईआर को लेकर एएसडीडी मतदाताओं को चिंहित करने का कार्य बीएलओ व पटवारी कर रहे है। एसआईआर का कार्य ग्राम ग्राम में किया जा रहा है।

**ई-आफिस कार्यप्रणाली संबंधी प्रशिक्षण हुआ**

**पिपरिया** ई-आफीस कार्यप्रणाली संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बीसी रूम में कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित हुआ। ई-आफीस के प्रशिक्षण के दौरान ई- आफीस के उपयोग,दैनिक फाइल प्रबंधन,नोट एवं ड्राप्ट निर्माण,डायरी/डिसपेच,संदर्भ,संलग्रकरण,पार्किग,अनपार्किंग,भूमिका प्रबंधन तथा डैशबोर्ड उपयोग जैसी प्रक्रियाओं का विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षको द्वारा कर्मचारियों के प्रश्नो का तत्काल समाधान भी किया गया। जिससे प्रतिभागियो को ई-आफीस की कार्यशैली को समझने मे अत्यधिक सुविधा हुई। प्रशिक्षण देने जिला सूचना विज्ञान केन्द्र एनआईसी मनीष गुणवान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,संदीप चौरसिया प्रशिक्षक ई-दक्ष केन्द्र द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# नर्मदा के बाबरी और खोकसर घाट पर 16 करोड़ से होगा घाट निर्माण

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 12 दिसम्बर** सिवनी मालवा क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आठ वर्ष पूर्व की गई नर्मदा घाट निर्माण की घोषणा को अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

सिवनी मालवा विधानसभा के नर्मदा तट बाबरी घाट और खोकसर घाट पर अब विशाल घाटों का निर्माण होगा, जिससे नर्मदा तट पर आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। ज्ञात हो कि यह घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्राम आयपा में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में तत्कालीन विधायक एवं मंत्री सरताज सिंह की मांग पर क्षेत्र के विकास के लिए कई वादे किए थे। हालांकि, यह परियोजना पिछले आठ वर्षों से लंबित थी परन्तु निरंतर प्रयासों के बाद अब इसे हरी झंडी मिल गई है।सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया कि इस परियोजना की स्वीकृति के लिए नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा कर बताया था उनके बाद मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों घाटों के निर्माण के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन घाटों का निर्माण भारत सरकार की बाढ़ नियंत्रण योजना के तहत किया जाएगा और इस कार्य का जिम्मा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के पास होगा।

## अधिवक्ता संघ के चुनाव में उम्मीदवारों की अंतिम सूची

**पिपरिया** अधिवक्ता संघ चुनाव में नाम वापसी के बाद उम्मीदवारो की अंतिम सूची जारी हुई। निर्वाचन समिति से मिली जानकारी अनुसार अध्यक्ष पद हेतु कमलेश पुर्विया,रजनीश शर्मा, शकुंतला मौर्य,धर्मेन्द्र नागवंशी, उपाध्यक्ष हेतु किशोर कुमार डाबर,शरद कुमार द्विवेदी,संजय कुमार द्विवेदी,मकरनसिंह चौधरी, सचिव पद हेतु वेदप्रकाश भार्गव,जितेन्द्र तिवारी,सहसचिव हेतु मोहन कु शवाहा,राजेन्द्र रजक, कोषाध्यक्ष हेतु ब्रजेश कुमार पटेल,अमित शर्मा आदि की सूची जारी हुई है।

# दाह संस्कार के लिये बनाये टीन शेड पर किया अतिक्रमण



दाह संस्कार टीन शेड में लोग अवैध अतिक्रमण कर मुक्तिधाम की भूमि में खेती कर रहे हैं ।

**नव भारत न्यूज**

**हण्डिया 12, दिसम्बर** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों को दाह संस्कार के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन पर करोड़ों रूपये कि राशि व्यय कि गई. वही दूसरी तरफ उन योजनाओं को ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव किस प्रकार से चूना लगा रहे हैं. इस बात का अन्दाजा स्वयं दाह संस्कार की भूमि पर हो रही खेती देखकर लगा सकते हैं.

गबला ग्राम की शासकीय भूमि के दाह संस्कार टीन सेट में अतिक्रमण कारियों ने फसल लगा दी है. ऐसे अनेक ग्राम पंचायतों में बनाये गये दाह संस्कार के मार्ग अभी भी अपूर्ण हालत में पडे हुए हैं. भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहे हैं . जानकारों की माने तो हरदा जिले के हंडिया तहसील क्षेत्र में दाह संस्कार के लिए बनाए गए टीन सेट द यनीय स्थिति में पड़े हुए हैं.

खासकर दाह संस्कार टीन सेट में लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर अपने कब्जे में कर मुक्तिधाम की भूमि में खेती कर रहे हैं । ऐसे ही बेस्वा,सहित अनेक ग्राम पंचायतों में भी दाह संस्कार के टीन सेट दयनीय हालत में पडे हुए हैं। क्या प्रशासन इस ओर ध्यान देगा या प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी द्वारा आम लोगों के लिए मुक्तिधाम की सुविधाएं दी है उससे भी वह महरूम रहेंगे.

## खाद नही मिलने पर किसानो ने किया चक्का जाम

**पिपरिया** खाद नही मिलने पर किसानो ने पिपरिया मटकुली मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद चक्का जाम खत्म हुआ। पिपरिया मटकुली मार्ग पर किसानो ने खाद नही मिलने पर बताया कि हम कूपन लेकर घूम रहे है । जिस पर तहसीलदार वैभव बैरागी,नायब तहसीलदार नीरज बैस ने तत्काल डबल लॉक के सामने पहुंच किसानो को समझाईश दी.

# स्वयंवरम गार्डन में रासलीला आज से

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 12 दिसम्बर** प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी वृंदावन के कृष्ण भक्तों द्वारा रासलीला का मंचन 13 दिसंबर से 20 दिसम्बर तक किया जाएगा।

यह जानकारी लीला के आयोजक जगन्नाथ मंदिर के ठाकुर राजा और सेमेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने दी। डा शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रासलीला महोत्सव के दौरान वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला के सदस्य रासाचार्य फतेह कृष्ण शर्मा और उनके साथी श्रीराधा जन्म, गोमय श्रृंगार, सुदामा चरित, कंस वध, मुद्रिका चोरी सहित भगवान कृष्ण के चरित्र पर आधारित अन्य लीलाओं का मंचन करेंगे। उन्होंने बताया कि लीला का मंचन प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालु भक्तों से भगवान कृष्ण की लीलाओं के दर्शन कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

**बिजली विभाग का कारनामा** — **कई स्थानों पर पोल आधे अधूरे लगा दिए, कई झुक गये**

# अनियमितताओं पर उपाध्यक्ष का गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सिराली, 12 दिसम्बर 2025** नगर परिषद सिराली के उपाध्यक्ष सचिन (श्याम) बूचा ने नगर में बिजली विभाग की लगातार बढ़ती अव्यवस्थाओं, मनमानी और अनियमित कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आपत्ति जताई है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री, मध्यप्रदेश शासन को विस्तृत पत्र भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उपाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि विभागीय लापरवाहियों का सीधा नकारात्मक प्रभाव भाजपा सरकार की छवि पर पड़ रहा है, जिससे नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। पत्र में उपाध्यक्ष बुचा ने कहा कि नगर सिराली में हाल ही में किए जा रहे पोल लाइन इंस्टॉलेशन कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। बिना किसी सर्वेक्षण, मानक दूरी या सप्लाई कोड के पालन के कई पोल मनमाने तरीके से गाड़ दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ''कई स्थानों पर पोल आधे-अधूरे फाउंडेशन पर गाड़ दिए गए, कई झुक गए हैं और कई जगह तो सीमेंट भी नहीं डाली गई है। इससे न सिर्फ दुकानें, रास्ते और मुख्य द्वार बाधित हो रहे हैं, बल्कि यह विभागीय मानकों का खुला उल्लंघन है।'' उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि बाहरी चेकिंग टीम द्वारा गनमेन के साथ आकर जनता को डराने-धमकाने जैसी शिकायतें गंभीर हैं। ''सिराली एक शांत व सभ्य क्षेत्र है। यहां अपराध का कोई इतिहास नहीं। इसके बावजूद चेकिंग टीम गनमेन के सहारे आम नागरिकों में दहशत का माहौल बना रही है, जो जनता विरोधी कार्यशैली का प्रतीक है।'' उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यवाही से भाजपा जनप्रतिनिधियों को भी जनता के बीच असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

उपाध्यक्ष बुचा ने बिजली बिलों में अचानक हुई अत्यधिक वृद्धि को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने लिखा कि ''कई परिवारों के बिल अप्रत्याशित रूप से बढ़ गए हैं, लेकिन स्थानीय अधिकारी कोई स्पष्ट कारण नहीं बता रहे। न ही वे जनता की समस्याएं सुनने को तैयार हैं।'' उन्होंने ऊर्जा मंत्री से कहा कि विभागीय मनमानी, अव्यवस्था और दबावपूर्ण रवैये के कारण जनता में यह धारणा बन रही है कि ''ऊर्जा विभाग जनता को दबा रहा है और सरकार इसके प्रति उदासीन है।'' यह स्थिति भाजपा सरकार की जनहितैषी छवि को नुकसान पहुंचाने वाली है। उपाध्यक्ष ने आग्रह किया कि ''जनता का विश्वास भाजपा सरकार की सबसे बड़ी पूंजी है। उस विश्वास को ठेस न पहुंचे, इसके लिए आपका तत्काल हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक है। यदि समय रहते कार्रवाई की गई तो सिराली नगर के नागरिकों को राहत मिलेगी और सरकार की छवि भी सकारात्मक रूप से मजबूत होगी।''

## ट्रक मालिक ने फांसी लगाई, हुई मौत

**पिपरिया** तिलकवार्ड हम्माली मौहल्ले में ट्रक मालिक अपने घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन व मौहल्लेवासियों के सहयोग से फंदे से उतारकर अस्पताल लाये। ट्रक मालिक रमेश पिता मनमोहन पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी तड़ा हाल निवास हम्माली मौहल्ला तिलकवार्ड अपना ट्रक चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। बुधवार को शाम रमेश ने घर पर अंदर से दरवाजा बंद कर सिलिंग फेन पर चुनरी के फंसे से फांसी पर लटक गया। पत्नी बाजार गई थी जब लौटकर आई तो दरवाजा खटखटाया आवाज दी नही खुलने पर बाजू से बच्चे को अंदर भेजकर दरवाजा खुलवाया तब सिलिंग फेन पर चुनरी के फंदे से लटका हुआ था तत्काल मौहल्लेवासी व परिजन चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरो ने मृत घोषित किया।


**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के समक्ष वरिंदर सिंह मान आत्मज प्रेम सिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र मेहरागांव शहर इटारसी प.ह.न. 9/13 खसरा नं. 87/3, 92, 93, 94, 96/1, 97/1 ऑनलाईन खसरा 87/3/2 रेवन्यू प्लाट नं. 1/2 रकबा 2400 वर्गफुट जिसके पूर्व में 20 फुट कॉलोनी रोड, पश्चिम में ज्ञानेंद्र अग्रवाल का रकबा, उत्तर में ज्ञानेंद्र अग्रवाल का रकबा, दक्षिण में 20 फुट कॉलोनी रोड, जो पुराना वार्ड नं. 14 नया वार्ड नं. 18 महर्षि नगर कॉलोनी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। जिसे अनुबंध के आधार पर श्रीमती सुप्रिया श्रीवास पत्नि स्नेह श्रीवास, स्नेह श्रीवास आत्मज अशोक श्रीवास द्वारा पंजीकृत बैनामा निष्पादित कराने के उपरांत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति की विक्रय पत्र की लिंक सेलडीड दिनांक 19/09/1992 पुस्त कमांक ए-1 ग्रंथ कमांक 8182 पृष्ठ क्रमांक 5-8 दस्तावेज कमांक 648 जो विक्रेता श्रीमती सीताबाई पत्नि मातादीन अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल आत्मज जगन्नाथ अग्रवाल ने क्रेता जसप्रीत सिंह चड्डा आत्मज अमोलक सिंह चड्डा को निष्पादित की थी. उक्त लिंक सेलडीड गारंटर/स्वामी से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन अनुबंधकर्ता द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/ लिंक, सेलडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 3 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय मं अपनी आपत्ति दर्ज करावें. उ क्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी. तत्पश्चात मेरा पक्षकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक सेलडीड की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी.
दिनांक 12.12.2025, स्थान - इटारसी

**भवदीय**

**एन.के. साहू अधिवक्ता, निधि चौहान, अधिवक्ता**

सेंट्रल बैंक के सामने, इटारसी मो. नं. 9425040080